अमर उजाला jobalert

चाहे सरकारी क्षेत्र हो या प्राइवेट, देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। जरूरत बस इतनी है कि समय रहते युवाओं को इनकी जानकारी मिलती रहे। **ऐसी ही कुछ नौकरियों पर एक नजर-**

900 से ज्यादा पदों पर मौका

राजस्थान कारागार विभाग

- **कुल पद:** 925
- **पद:** जेलर (जेल वार्डर)
- **शैक्षिक योग्यता:** न्यूनतम 10वीं या समकक्ष व हिंदी और राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान
- **आयु सीमा:** 18 से 26 वर्ष
- **अंतिम तिथि:** 02 दिसंबर, 2015
- **ऑनलाइन आवेदन:** www.rajprisons.in
- **आवेदन शुल्क:** राजस्थान के आरक्षित वर्ग के लिए 200 रुपये व अन्य सभी उम्मीदवारों के लिए 250 रुपये शुल्क है।

ऐसे करें आवेदन: उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट पर जाएं और मौजूद दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को पूरा करें। आवेदन पूर्ण हो जाने के बाद में उसका प्रिंटआउट निकालकर आगामी प्रक्रिया के लिए सुरक्षित रख लें।

चयन प्रक्रिया: चयन शारीरिक मापदंड, शारीरिक दक्षता परीक्षा और मेडिकल परीक्षण के आधार पर किया जाएगा।

विभिन्न पदों पर भर्ती

एम्स, पटना

- **कुल पद:** 165
- **पद:** स्टोर कीपर कम क्लर्क, टेक्निकल असिस्टेंट/टेक्नीशियन, ऑपरेटर इत्यादि
- **शैक्षिक योग्यता:** पदों के अनुसार अलग-अलग
- **आयु सीमा:** 18 से 30 वर्ष/21 से 35 वर्ष (पदानुसार)
- **अंतिम तिथि:** 31 दिसंबर, 2015
- **ऑनलाइन आवेदन:** www.aiimspatna.org
- **आवेदन शुल्क:** सामान्य और अन्य पिछड़े वर्ग के लिए 500 रुपये तथा अन्य सभी वर्ग के लिए आवेदन निःशुल्क है।

ऐसे करें आवेदन: उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट पर जाएं और मौजूद दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को पूरा कर उसका प्रिंटआउट सुरक्षित रख लें।

चयन प्रक्रिया: आवेदकों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

fact file

789 पद छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लि. में	413 पद नॉर्थ सेंटर रेलवे में रिक्त
44 पद अंडमान ऐंड निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन में	29 पद हरियाणा पीएससी के जरिये भरे जाएंगे

ट्यूटर टेक्नीशियन के पद खाली

पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन ऐंड रिसर्च

- **पद:** ट्यूटर टेक्नीशियन
- **शैक्षिक योग्यता:** मान्यताप्राप्त विवि से 55 प्रतिशत अंकों के साथ में परास्नातक डिग्री
- **आयु सीमा:** अधिकतम 50 वर्ष
- **अंतिम तिथि:** 27 नवंबर, 2015
- **वेबसाइट:** pgimer.edu.in

ऐसे करें आवेदन: उम्मीदवार एक सादे पेपर पर आवेदन करें। विधिवत रूप से भरे हुए आवेदन पत्र के साथ में बायोडाटा के साथ में संबंधित शैक्षिक प्रमाणपत्रों की प्रतियों को संलग्न कर 'ऑफिस ऑफ द प्रोफेसर ऐंड हेड, डिपार्टमेंट ऑफ हेमाटोलाजी, रिसर्च ए-ब्लॉक, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़' के पते पर भेजें।

चयन प्रक्रिया: योग्य आवेदकों का चयन साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन को देखते हुए किया जाएगा।

प्रयोगशाला सहायक के पद

सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड

- **पद:** प्रयोगशाला सहायक
- **शैक्षिक योग्यता:** मान्यताप्राप्त बोर्ड से 10वीं या समकक्ष योग्यता व केमिकल लेबोरेटरी में 2 साल का अनुभव
- **आयु सीमा:** 18 से 27 वर्ष
- **अंतिम तिथि:** 14 दिसंबर, 2015
- **वेबसाइट:** www.cgwb.gov.in

ऐसे करें आवेदन: इन पदों पर ऑफलाइन माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन करने के लिए उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट से निर्धारित आवेदन पत्र के प्रारूप को डाउनलोड कर, उसे भरें। विधिवत रूप से भरे हुए आवेदन पत्र के साथ में संबंधित शैक्षिक प्रमाणपत्रों की प्रतियों को संलग्न कर 'द रीजनल डायरेक्टर, सीजीडब्ल्यूबी, एनडब्ल्यूआर, भू-जल भवन, प्लाट संख्या 3बी, सेक्टर 27-ए, चंडीगढ़-160029' के पते पर भेजें।

चयन प्रक्रिया: सीजीडब्ल्यूबी के नियमानुसार

आज का सवाल

मैं बी.काम कर रहा हूं (कामर्स) और भविष्य में बैंक में नौकरी करना चाहता हूं। मुझे क्या करना चाहिए? -हरीश

जवाब: आपके लिए बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। बीकॉम करने के साथ-साथ आप बैंक क्लर्क आदि की तैयारी कर सरकारी क्षेत्र में अवसर तलाश सकते हैं। इसके अलावा चार्टर्ड अकाउंटेंट यानी सीए का नया पाठ्यक्रम लगभग तीन साल का है। इसके लिए आपको पहले बीकॉम करना होगा और साथ में सीए की तैयारी कर सकते हैं। आज के समय में किसी भी संस्थान में सीए का काम बेहद सम्मानजनक एवं चुनौतीपूर्ण होता है। सीए, संस्थान/कंपनी से जुड़े सभी अकाउंट एवं फाइनेंस संबंधी कार्यों के प्रति जिम्मेदार होते हैं। सीए के बारे में और अधिक जानकारी के लिए आईसीडब्ल्यूए की साइट पर लॉगइन करें। सीए का कार्य मनी मैनेजमेंट, ऑडिट अकाउंट का एनालिसिस, टैक्सेशन तथा फाइनेंशियल एडवाइज उपलब्ध कराने से भी संबंधित है।

अपने सुझाव और सवाल हमें
ईमेल jobalert@amarujala.com पर भेजें।

छोटे पर्यावरण प्रहरियों ने दिखाया बड़ा प्रेम

अमरनाथ

हल्द्वानी। उत्तराखंड में जहां विकास की आड़ में हरियाली सिमट रही है। झीलें सूख रही हैं। दुर्लभ वनस्पतियां खत्म हो रही हैं। आबादी वाले क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ रहा है। वहीं एक किशोर ने 51 हजार वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है। दूसरी तरफ हाल में हुई ऑनलाइन प्रतियोगिता में हरियाली बढ़ाने के लिए बच्चों ने नायाब विचार पेश किए हैं।

रामपुर रोड स्थित श्री महादेव गिरी संस्कृत महाविद्यालय में पढ़ने वाले भवाली निवासी गणेश गयाल को पौधरोपण के प्रति गजब का जुनून है। उसे यह प्रेरणा उस समय मिली, जब भीमताल झील सूखने पर तत्कालीन डीएम निधिमणि त्रिपाठी और सिंचाई मंत्री यशपाल आर्य वहां निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। दोनों आपस में बात कर रहे थे कि पेड़ों के कटान की वजह से ही भीमताल झील बार-बार सूख रही है। यह सुनकर गयाल व्यथित हुआ और उसी समय उसने प्रदेश में 51000 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया। यह बात 2012 की है। उस समय गयाल की उम्र महज 13 साल थी। उसके बाद से अब तक वह पिता के सहयोग से भवाली, दुर्गापुर, बलियानाला, घोड़ाखाल, गोबरियाखान के क्षेत्रों में 11 हजार पौधे लगा चुका है। इस साल बरसात में नैनीताल के विभिन्न इलाकों में 3000 फलदार और छायादार पौधे लगा चुका है। इस जाड़े में बेतालघाट, ज्योलिकोट इलाके के गांवों में 1500 पौधे लगाने का उसका लक्ष्य है, ताकि जंगली जानवर आबादी की ओर न आएं। अब तक उसके पिता बंशीधर गयाल इसके लिए सहयोग और खर्च करते आ रहे हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर पौधरोपण के लिए उसे मदद की दरकार है। इस नेक कार्य के लिए उसे संघ प्रमुख मोहन भागवत, गृह मंत्री राजनाथ सिंह और सांसद भगत सिंह कोश्यारी सम्मानित कर चुके हैं।

बाल पर्यावरण प्रहरियों से अपील

कुमाऊं में हरियाली बढ़ाने की मुहिम में 10वीं-12वीं तक के बच्चे भाग सकते हैं। इस संदर्भ में अपनी पेंटिंग के साथ दो-तीन लाइन में अपने विचार भी हमें ई-मेल आईडी- ntl-edithead@ntl.amarujala.com पर भेज सकते हैं। अगर आपकी पेंटिंग बेहतर हुई अमर उजाला में प्रकाशित होगी और रचनात्मकता का पुरस्कार भी मिलेगा।

वृक्ष ज्यादा से ज्यादा से लगेंगे तो जलस्रोतों का सूखना बंद होगा। वन्यजीवों के रहने के स्थान सुरक्षित होंगे, साथ ही प्राणियों को शुद्ध हवा मिलेगी। पर्यावरण असंतुलित होने से बचेगा। जंगली जानवरों को पर्याप्त चारा मिलेगा, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका भी कम होगी।

- गणेश गयाल, छात्र, संस्कृत महाविद्यालय, हल्द्वानी



बाल मन में भावी भारत और हरीतिमा संवर्द्धन के प्रति जो विचार गूगल को ऑनलाइन प्रतियोगिता के जरिए सामने आए हैं, वे भी सराहनीय है। देश के कई स्कूलों के बच्चे ने देश को संवारने के अच्छे आइडिया पेश किए हैं। उनमें से चुनिंदा विचार प्रस्तुत हैं-

1. मैंने तस्वीर में बड़ी मशीन बनाई है, जो हमारे देश के प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल कर ऐसे पदार्थ का निर्माण करेगी। यह पदार्थ प्रकृति को हो रहे नुकसान से बचाएगा। विशेष मशीन प्लास्टिक को हरियाली में बदल देगी।

- पी कार्तिक

2. मेरे तीन रोबोट भारत की तस्वीर को बदल देंगे। नीला रोबोट जहां-तहां थूकने वाले और भ्रष्टाचारियों को पकड़ लेगा। गुलाबी रोबोट टैक्स चोरी को पकड़ेगा और हरे रोबोट का मकसद साफ और हरित भारत होगा।

- अशिता शर्मा

3. मैंने जिस रोबोट का निर्माण किया है वह पर्यावरण को साफ रखेगा, बिजली उत्पादन करेगा। साथ ही वह समुद्र और आकाश की सुंदरता बढ़ाने संभावना को भी तलाशेगा।

- इशिता जैन

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की टीम ने शुरू किया सर्वे

अमर उजाला ब्यूरो

पहले दिन कुविवि प्रशासनिक भवन और डीएसबी परिसर गई टीम

नैनीताल। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की नौ सदस्यीय टीम बुधवार को कुमाऊं विवि नैनीताल पहुंची। टीम के सदस्यों ने पहले दिन विवि के प्रशासनिक भवन का सर्वे किया। दोपहर बाद टीम ने विवि के डीएसबी परिसर के विभिन्न विभागों का सर्वे किया। चार दिनी दौरे पर पहुंची यह टीम बृहस्पतिवार को भीमताल और अल्मोड़ा परिसरों का सर्वे करेगी।

इससे पूर्व सुबह करीब नौ बजे टीम के सदस्य कुमाऊं विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचे। यहां पहुंचने पर विवि के कुलपति प्रो. होशियार सिंह धामी, कुलसचिव प्रो. डीसी पांडे, वित्त अधिकारी डीएस बोनाल व परीक्षा नियंत्रक प्रो.रजनीश पांडे समेत अन्य अधिकारियों व प्राध्यापकों ने उनका स्वागत किया। उसके बाद टीम को कुलपति प्रो.धामी ने विवि के तीनों परिसरों और विवि के प्रशासनिक भवन में मौजूद अनुभागों के बारे में बताया। इसके बाद टीम कुलसचिव प्रो. डीसी पांडे के कक्ष में पहुंची और विवि के विभिन्न क्रियाकलापों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक प्रो. रजनीश पांडे से परीक्षाओं के संचालन के बारे में ब्योरा लिया। इसके बाद टीम ने वित्त अधिकारी डीएस बोनाल से वित्त संबंधी जानकारियां ली। टीम ने विकास अधिकारी, क्रीड़ा विभाग, मान्यता समेत अन्य अनुभागों पर भी जानकारी जुटाई।

डीएसबी परिसर में निरीक्षण के लिए पहुंची नैक की टीम।

दोपहर करीब पौने दो बजे टीम के सभी सदस्य डीएसबी परिसर पहुंचे। मुख्य गेट पर निदेशक प्रो. एसपीएस मेहता, डीएसडब्ल्यू प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट, मुख्य कुलानुशासक डा. आशीष तिवारी समेत प्रो. भगवान सिंह बिष्ट, प्रो. बीआर कौशल, डा. लज्जा भट्ट, प्रो.एनएस बिष्ट ने उनका स्वागत किया। टीम के चैयरमैन प्रो.आरपी तिवारी को एनसीसी अधिकारी प्रो. एचसीएस बिष्ट के नेतृत्व में कैडेटों ने गार्ड आफ आनर दिया। निदेशक दफ्तर में टीम के सदस्यों ने परिसर के निदेशक प्रो. एसपीएस मेहता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.डीएस बिष्ट, कुलानुशासक डा. आशीष तिवारी और तथा एनएसएस के मुख्य समन्वयक प्रो.ललित तिवारी से परिसर में छात्रों की संख्या, छात्रों की उपस्थिति, गर्ल्स कामन रूम की व्यवस्था, पेयजल, छात्रावासों, रैगिंग, छात्र संघ चुनाव, परिसर की वार्षिक पत्रिका उपलब्धि, शिक्षण कार्यों के साथ ही वर्षभर होने वाले रचनात्मक कार्यों, एनएसएस, एनसीसी समेत अन्य क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इसके बाद टीम ने विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण के बाद अंत में उन्होंने हिमालय संग्रहालय का निरीक्षण किया। टीम के चेयरमैन प्रो. आरपी तिवारी के नेतृत्व में पहुंची टीम में प्रो. एचपी माथुर, प्रो. नीरू वासुदेवा, प्रो. कनिका शर्मा, प्रो. विलास खरात, प्रो. वी विजय कुमार, प्रो. एके सिंह, प्रो. वंदना चक्रवर्ती और प्रो. भारती सिंह शामिल थी। कुविवि की ओर से टीम को सर्वे में प्रो. बीआर कौशल,प्रो. संतोष कुमार, प्रो. रत्ना जोशी उपाध्याय, प्रो. सीसी पंत, प्रो.सतपाल सिंह बिष्ट आदि प्राध्यापक सहयोग कर रहे थे।

नैनीताल में शॉट मारता खिलाड़ी।

आगरा को हराकर दिल्ली बना विजेता

नैनीताल। जिला क्रीड़ा संघ और जिमखाना क्लब के सहयोग से डीएसए मैदान में खेली जा रही स्व. प्रशांत साह जगाती स्मृति 92वीं अखिल भारतीय आटम जिमखाना क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को दिल्ली ने आगरा को हराकर जीत दर्ज की। दिल्ली के भगवान सहाय ने धुआंधार खेलते हुए सात चौके और एक छक्के की मदद से 72 गेंद में नाबाद 90 रन बनाए। सेंट जोंस कॉलेज आगरा के खिलाड़ियों ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए निर्धारित 30 ओवर में सात विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 28 ओवर में मात्र 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। निर्णायक मो.अय्यूब व योगेश कुमार, स्कोरर उमेश कांडपाल और उद्घोषक मनोज कुमार थे। आयोजक सचिव एससी साह जगाती ने बताया कि बृहस्पतिवार को शाहदरा दिल्ली बनाम मक्कार स्पोर्ट्स क्लब नैनीताल के बीच सुबह 9 बजे मैच खेला जाएगा। **ब्यूरो**

100 मीटर दौड़ में भूमिका ने बाजी मारी

जीआईसी कोटाबाग में ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

कालाढूंगी (नैनीताल)। जीआईसी कोटाबाग में बुधवार को हुई ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 और 200 मीटर दौड़ में भूमिका दरम्वाल ने पहला स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ उप खंड शिक्षा अधिकारी अमित चंद्र और प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह रौतेला ने किया। प्रतियोगिता में सब जूनियर बालिका वर्ग में 600 मीटर दौड़ में कविता गर्जोला प्रथम स्थान पर रहे। सीनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में भारतेंदु जोशी ने बाजी मारी। इस मौके पर अंशु पांडे, सीमा कबड़वाल, चंपा आर्या, मनमोहन बसेड़ा, केके गंगवार आदि मौजूद रहे।

डीएसबी में 934 ने दी सुधार परीक्षा

नैनीताल। कुमाऊं विवि की परीक्षाफल सुधार परीक्षा बुधवार से शांतिपूर्ण शुरू हो गई हैं। डीएसबी परिसर में दोनों सत्रों में निदेशक प्रो. एसपीएस मेहता के दिशा-निर्देशन में हुई। परीक्षा में 934 परीक्षार्थी शामिल हुए। सुबह के सत्र में 413 और शाम के सत्र में 521 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा संपन्न कराने में मुख्य परीक्षा प्रभारी प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट, प्रो. एसएस बर्गली, डा. किरन बर्गली, डा. नीलू लोधियाल, डा. कपिल खुल्वे, डा. लज्जा भट्ट, डा. शिवांगी चनियाल, डा. गगनदीप होठी, जगत सिंह कफलिया, आनंद सिंह रावत, सीएस पंत, शेर सिंह और गोपाल ने सहयोग दिया। **ब्यूरो**

बच्चों ने जाना कैसे उगती है सब्जी

हल्द्वानी। बीजी विज स्कूल जजफार्म के बच्चों ने बुधवार को स्थानीय कृषक सुरेश जोशी के खेत पर जाकर विभिन्न प्रकार की सब्जियों के उगाने और उनकी उपयोगिता के बारे में जाना। स्कूल के प्रभारी अश्विनी सारस्वत ने बताया कि बच्चों को अपनी मिट्टी व खेत खलिहान से जोड़ने तथा खेती को भी एक कैरियर की तरह देखे जाने के उद्देश्य से बच्चों को फार्म का भ्रमण कराया गया। खेत का भ्रमण कराने के दौरान बच्चों को टमाटर, बैंगन, मिर्च, धनिया, लहसुन, प्याज, मूली, गोभी आदि सब्जियों के पौधों को पहचानने के बारे में भी बताया गया। इस दौरान एकेडमिक कोआर्डिनेटर बीबी जोशी, केसी पंत, मोहन चंद्र, आंचल, बबिता, यशोदा, मनोरमा, जया, आशा, अपर्णा आदि शिक्षक - शिक्षिका मौजूद रहे। **ब्यूरो**

जिला स्तरीय एथलेटिक्स रैली 21 से

हल्द्वानी। जिला स्तरीय एथलेटिक्स रैली का आयोजन गौलापार स्थित श्री पूरन सिंह मोहन सिंह इंटर कालेज में 21 नवंबर से होगा। रैली की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को ललित आर्य महिला इंटर कालेज में आयोजित बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी रघुनाथ लाल आर्य ने कहा कि इसमें कोई खामी नहीं रहने पाए। प्रधानाचार्यों की बैठक में उन्होंने आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था एवं खेलों के उपकरणों की तैयारी को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि दो दिनी रैली में आठों ब्लाकों के करीब 500 विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। इसके मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक रावत होंगे। बैठक के उपरांत उन्होंने रैली स्थल विद्यालय का भी निरीक्षण किया। बैठक में हल्द्वानी ब्लाक के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे। **ब्यूरो**

कोटाबाग के नीरज भट्ट ने किया नाम रोशन

कोटाबाग(नैनीताल)। पंतनगर विवि के 29वें दीक्षांत समारोह में बैचलर आफ वैटनरी साइंस और एनिमल हसवैन्ड्री में टॉप कर कुलपति स्वर्ण पदक हासिल कर कोटाबाग के आंवलाकोट निवासी नीरज भट्ट ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नीरज के पिता पूरन चंद्र भट्ट ट्रांसपोर्ट से जुड़े हैं। मां पुष्पा भट्ट गृहणि हैं। नीरज वर्ष 2003 से पशुपालन विभाग में पशुधन प्रसार अधिकारी के पद पर तैनात हैं। नीरज वर्तमान में राजकीय पशु चिकित्सालय बाजपुर (उधमसिंह नगर) में कार्यरत हैं। **ब्यूरो**

उच्चशिक्षा निदेशालय में चल रहे हैं गेस्ट फैकल्टी भर्ती के इंटरव्यू

पत्नियां दे रहीं इंटरव्यू, पति संभाल रहे बच्चे

जूलॉजी और बॉटनी के इंटरव्यू में गैरहाजिर रहे 22 अभ्यर्थी

नवीन सक्सेना

हल्द्वानी। डिग्री कालेजों में गेस्ट टीचरों की भर्ती के लिए भी मारामारी है। कई महिलाएं तो दुधमुहे बच्चों को लेकर इंटरव्यू देने के लिए आई थी। महिलाएं चयन कमेटी के समक्ष इंटरव्यू दे रहीं थी तो पति निदेशालय के परिसर में बच्चों को संभाल रहे थे। कई लोगों के तो बच्चों को संभालने में पसीने छूट गए। यह नजारा था बुधवार को उच्चशिक्षा निदेशालय परिसर का।

प्रदेश के डिग्री कालेजों में शिक्षकों के रिक्त पदों को गेस्ट फैकल्टी से भरने के लिए उच्चशिक्षा निदेशालय में अभ्यर्थियों के इंटरव्यू चल रहे हैं। बुधवार को तीसरे दिन जूलॉजी और बॉटनी विषय के अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। सुबह नौ बजे दफ्तर खुलने से पहले ही दर्जनों अभ्यर्थी इंटरव्यू देने के लिए निदेशालय दफ्तर के परिसर में जमा हो गए थे। इनमें छह विवाहित महिला अभ्यर्थी भी थीं। उनके साथ छोटे बच्चे भी आए थे। जब इंटरव्यू के लिए महिला अभ्यर्थी चयन कमेटी के समक्ष निदेशालय सभागार में जा रहीं थी तो उनके साथ आए पति या अन्य परिजन बच्चों को संभाल रहे थे। देहरादून क्षेत्र से आई एक महिला अभ्यर्थी के पति तो बच्चे के रोने पर इतने परेशान हो उठे कि उन्होंने उसे गुस्से में आकर घास में छोड़ दिया। बच्चा भी गोद से उतरते ही मैदान में खुश हो गया, तब जाकर महिला अभ्यर्थी के पति ने राहत की सांस ली। चयन कमेटी में उत्तराखंड मुक्त विवि के कुलपति प्रो. सुभाष धूलिया, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यूएस रावत, उच्चशिक्षा के प्रभारी निदेशक डा. बीसी मेलकानी, महिला कालेज के प्राचार्य डा. जीएस बिष्ट ने इंटरव्यू लिया।

जूलॉजी में 34 अभ्यर्थियों ने दिया इंटरव्यू

पहले चरण में जूलॉजी विषय के 37 पदों के लिए इंटरव्यू हुए। इन पदों के लिए कुल 106 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिसमें से 46 अभ्यर्थियों को योग्यता के आधार पर इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया गया था। अपराह्न ढाई बजे तक चली इंटरव्यू प्रक्रिया में 46 में से केवल 34 अभ्यर्थी चयन कमेटी के समक्ष पहुंचे जबकि 12 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

बॉटनी में 10 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

अपराह्न तीन बजे से बॉटनी विषय के 36 पदों के लिए 160 आवेदकों में से केवल 63 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था। रात आठ बजे तक चले इस विषय के इंटरव्यू में 10 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। नोडल अधिकारी एवं सहायक निदेशक डा. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि यूजीसी के मानकों पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को ही इंटरव्यू में आमंत्रित किया जा रहा है।